दिन– शनिवार | दिनांक– 11 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि –15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी प्रगति यात्रा के तहत आज दरभंगा जायेंगे। एक सौ सत्तर से अधिक योजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने दो सौ सात करोड़ रुपए की लागत से रक्सौल में एयरपोर्ट विकसित करने को मंजूरी दी। दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने की पहल को भी स्वीकृति।

03. पीएमसीएच के एक छात्रावास में मेडिकल परीक्षा के ओएमआर शीट और एडमिट कार्ड बरामदगी मामले में पुलिस जांच शुरू।

04. और, मौसम विभाग ने कहा अगले दो दिनों में भीषण ठंड से राहत की संभावना।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के क्रम में दरभंगा जिले में एक सौ सत्तर से अधिक योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन योजनाओं में दोनार में आरओबी का शिलान्यास और नये पुलिस भवन का उद्‌घाटन शामिल है। मुख्यमंत्री श्री कुमार जीविका दीदी और स्थानीय लोगों के साथ विकास के मुद्दे पर बातचीत भी करेंगे। और ब्योरा हमारे संवाददाता से...

–––रिपोर्ट–––

———————————————————————

राज्य मंत्रिमंडल ने रक्सौल एयरपोर्ट के विकास की योजनाओं को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके निर्माण के लिए एक सौ उनचालीस एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जायेगा। कैबिनेट की बैठक के बाद विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इसके निर्माण पर दो सौ सात करोड़ रूपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्‌डा बनाने के लिए नब्बे एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जायेगा। डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि राज्य सरकार ने गन्ना की खरीद मूल्य में दस रूपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की है।

–––बाईट–––

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि वैशाली और सीतामढ़ी जिले मे नये औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण के प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है।

———बाईट———

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के लिए ऐसा करना अनिवार्य है। श्री मोदी ने यह विचार प्रमुख उद्यमी निखिल कामथ को दिए एक साक्षात्कार में व्यक्त किये। श्री मोदी ने सोशल मीडिया, यूपीआई और तकनीक के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र और इसके सशक्तिकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है।

———बाईट———

रुपए जो लीकेज होता था, जो भ्रष्टाचार होता था वो गया और टेक्नोलॉजी का एक उपयोग हुआ। आज मैं 30 सेकंड में 10 करोड़ किसानों के खाते में सीधे पैसे भेजे सकता हूं। मैं आज देश के 13 करोड़ गैस सिलेंडर के उपभोक्ताओं को सब्सिडी के पैसे एक क्लिक से 30 सेकंड में भेज सकता हूं, क्यों जनधन अकाउंट किसी को लगेगा वो था, लेकिन देश के करोड़ों

वर्तमान चुनौतियों के बारे में पूछे गये सवाल का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व, भारत पर इसलिये भरोसा करता है कि उसका दृष्टिकोण निष्पक्ष है। श्री मोदी ने कहा कि मौजूदा वैश्विक संकट के दौरान भारत ने बार–बार यह कहा है कि वह शांति के पक्ष में है।

————————————————————————

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत का औद्योगिक उत्पादन नवंबर में छह महीने के उच्चतम स्तर पांच दशमलव दो प्रतिशत पर पहुंच गया, जो अक्टूबर में तीन दशमलव पांच प्रतिशत था। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट——

आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के तीन प्रमुख घटकों में से, विनिर्माण उत्पादन नवंबर में 5 दशमलव 8 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि बिजली उत्पादन में 4 दशमलव 4 प्रतिशत और खनन गतिविधियों में 1 दशमलव 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नवंबर 2023 की तुलना में नवंबर 2024 में उपयोग–आधारित वर्गीकरण के अनुसार आईआईपी की वृद्धि दर प्राथमिक वस्तुओं में 2 दशमलव 7 प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 9 प्रतिशत, मध्यवर्ती वस्तुओं में 5 प्रतिशत, बुनियादी ढांचे या निर्माण वस्तुओं में 10 प्रतिशत और उपभोक्ता में 13 दशमलव 1 प्रतिशत रही। टिकाऊ और गैर–टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में शून्य दशमलव 6 प्रतिशत वृद्धि हुई। आयुषी की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सरफिरोज़ी।

————————————————————————

गृहमंत्री अमित शाह आज मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर नई दिल्ली में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में मादक पदार्थों की तस्करी के राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव को लेकर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान, श्री शाह मादक पदार्थ निपटान पखवाड़े का शुभारंभ करेंगे।

———————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि प्रदेश में एचएमपीवी वायरस की जांच शुरू हो गयी है। उन्होंने कहा कि पटना स्थित आईजीआईएमएस में इस बीमारी के लक्षण वाले तीन मरीजों के सैंपलों की जांच की गयी। इनमें से किसी भी मरीज में एचएमपीवी की पुष्टि नहीं हुई। मंत्री ने कहा कि सोमवार से राजेंद्र मेमोरियल रिसर्च इंस्ट्रीच्यूट आर.एम.आर.आई में भी एचएमपीवी की जांच शुरू हो जाएगी।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह वित्तमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि केंद्रीय करों में बिहार को मिलने वाली हिस्सेदारी दोगुनी हो गयी है। उन्होंने पटना में कहा कि केंद्रीय करों में हिस्सा के रूप में बिहार को, दो हजार चौबीस में आठ हजार नौ सौ साठ करोड़ रूपये मिले थे। केंद्र सरकार ने इस राशि को, दो हजार पच्चीस में बढ़ाकर सत्रह हजार चार सौ तीन करोड़ रूपये कर दिया है। श्री चौधरी ने कहा कि देश में उत्तर प्रदेश के बाद बिहार को अधिकतम राशि उपलब्ध कराई गयी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राशि से प्रदेश में आधारभूत संरचना के निर्माण और कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने की प्रक्रिया में तेजी आएगी।

———————————————————————

ऊर्जा मंत्री विजेंद्र प्रसाद ने कहा है कि प्रदेश में इस साल बिजली का कोटा डेढ़ हजार मेगावाट बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि दो हजार पच्चीस में राज्य की कई परियोजनाओं से बिजली उत्पादित होने लगेगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बक्सर के चौसा में छह सौ साठ मेगावाट क्षमता की बिजली की दो इकाईयों का निर्माण हो रहा है, जबकि बाढ़ में तीसरी इकाई का निर्माण अंतिम चरण में है। इन बिजली घरों से मिलने वाली बिजली से बिहार का कोटा बढ़ जाएगा। इससे बिहारवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा सकेगी।

———————————————————————

पटना स्थित पीएमसीएच से पीजी पास आउट डॉ. अजय कुमार सिंह के कमरे में अगलगी की घटना के जांच के क्रम में पुलिस ने तलाशी ली। इस दौरान कमरे से जले नोट और एनबीआई पीजी के अलग–अलग वर्षों के एडमिट कार्ड बरामद हुए हैं। सिटी एसपी सेंट्रल स्वीटी सेहरावत ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में तेरह हजार से अधिक टोले और बसावट सड़कवीहिन हैं। ऐसी बसावटों को सड़क संपर्क से जोड़ा जाएगा। उन्होंने पटना में पत्रकारों से कहा कि इस वर्ष मुख्यमंत्री सेतु योजना के तहत एक हजार नए पुल का निर्माण करवाया जायेगा। संवाददाता सम्मेलन में विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि रेलवे की तर्ज पर प्रदेश में एक हजार से अधिक पुल–पुलिया का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पुलों के डीपीआर निर्माण में अब अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है।

–––बाईट–––

रा––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पछुआ हवा का प्रभाव कम होने के साथ ही मौसम के रूख में परिवर्तन आया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान ठंड में और कमी आयेगी। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले समारोह को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गयी है। आज से परेड का पूर्वाभ्यास शुरू हो गया है, जो चौबीस जनवरी तक चलेगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा, दो हजार पच्चीस के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। इस परीक्षा के माध्यम से तीन सौ छह डीएलएड कॉलेजों की तीस हजार सात सौ पचास सीटों पर नामांकन होगा।

————————————————————————

पटना के मोईनुल हक स्टेडियम में तेईस जनवरी से छब्बीस जनवरी तक रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे चरण के तहत बिहार का मुकाबला उत्तर प्रदेश से होगा। इस मुकाबले में भारतीय टीम के दो खिलाड़ी रिंकु सिंह और नीतीश राणा यूपी टीम की ओर से खेलते नजर आयेंगे।

ओडिशा के भुवनेश्वर में संपन्न राष्ट्रीय रैकिंग पिकलबॉल चैंपियनशिप में बिहार के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, सात रजत समेत कुल ग्यारह पदक जीते हैं।

————————————————————————

शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के तबादले की पहली सूची जारी कर दी है। पहले चरण में कैंसर पीड़ित शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया है।

————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने कैबिनेट से जुड़ी खबर का शीर्षक लगया है – प्रगति यात्रा के इक्कीस वायदों पर मुहर।

**दैनिक जागरण** लिखता है – राजद के विधायक और पूर्व मंत्री आलोक मेहता के ठिकानों पर ईडी का छापा।

**दैनिक भास्कर** ने शिक्षकों के तबादले से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है– शिक्षकों का तबादला शुरू, पैंतीस कैंसर पीड़ित को ऐच्छिक स्थान पर पोस्टिंग।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी प्रगति यात्रा के तहत आज दरभंगा जायेंगे। एक सौ सत्तर से अधिक योजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने दो सौ सात करोड़ रुपए की लागत से रक्सौल में एयरपोर्ट विकसित करने को मंजूरी दी। दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने की पहल को भी स्वीकृति।

03. पीएमसीएच के एक छात्रावास में मेडिकल परीक्षा के ओएमआर शीट और एडमिट कार्ड बरामदगी मामले में पुलिस जांच शुरू।

04. और, मौसम विभाग ने कहा अगले दो दिनों में भीषण ठंड से राहत की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।